Title: Need to provide stoppage of Tapovan Express at Rotegaon (Vaizapur) Railway Station in Aurangabad, Maharashtra.

श्री चन्द्रकांत खैरे (औरंगाबाद, महाराद्) : सभापति महोदय, मेरे चुनाव क्षेत्र संभाजीनगर (औरंगाबाद) महाराद्र से हर रोज सुबह नांदेड़ से मुम्बई के लिए तपोवन एक्सप्रेस गाड़ी नम्बर 7617/ 7618 जो कि जनता के लिए बहुत ही उपयोगी है, उसे रोटेगांव (वैजापुर) नामक स्टेशन पर रुकाने के लिए स्थानीय प्रवासी संगठन ने मेरी अध्यक्षता में एक निवेदन विभागीय नियंत्रकों को दिया था और उन्होंने सर्वे भी किया था, लेकिन अब तक कुछ परिणाम नहीं मिले।

अतः मेरा माननीय रेल मंत्री महोदय से निवेदन है कि जनता की मांग को ध्यान में रखते हुए जनता की सुविधा के लिए तपोवन एक्सप्रेस को रोटेगांव (वैजापुर) स्टेशन पर रुकाने के लिए एक मिनट का हॉल्ट देने के लिए जल्द से जल्द आदेश दें।